# नेशनल हाईवे-30 पर भीषण सड़क हादसा: ट्रेलर से टकराई बोलेरो, एक ही परिवार के 6 लोग घायल







**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में अमरपाटन थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रीवा से मैहर स्थित मां शारदा के दर्शन करने जा रहे एक ही परिवार के छह सदस्य सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। यह हादसा तब हुआ जब ककरा गांव के समीप आगे चल रहे एक ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक अचानक ब्रेक मार दिए,जिससे पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो सीधे ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी।

### हादसे का विवरण और बचाव कार्य

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,बोलेरो कार क्रमांक एमपी 19सीबी 8352 में सवार सभी लोग रीवा से मैहर जा रहे थे। अमरपाटन पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत वाहन से निकालकर अमरपाटन के सिविल अस्पताल ले जाया गया।घायलों की पहचान श्रीमती संजना पटेल,सखीलाल पटेल, मुन्नीदेवी पटेल,चालक पंकज पटेल,वीरेंद्र पटेल और रंजना पटेल के रूप में हुई है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बताया कि संजना पटेल और चालक पंकज पटेल की हालत काफी नाजुक है। उनके सिर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज (एसजीएमसी) रेफर कर दिया गया है। अन्य चार घायलों को मामूली चोटें आई थीं,जिन्हें अमरपाटन अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मामले की जांच कर रहीं विवेचना अधिकारी एएसआई कौशल्या देवी ने बताया कि यह दुर्घटना ट्रेलर क्रमांक यूपी 25 एटी 7630 के चालक की घोर लापरवाही के कारण हुई। चश्मदीदों और बोलेरो सवारों के बयानों के आधार पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### अटरा हत्याकांड: 10 हजार का इनामी आरोपी अमित सिंह गिरफ्तार, फरारी के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा



**सतना।** नागौद पुलिस ने ग्राम अटरा में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के एक और फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

मामला 26 दिसंबर 2025 का है,जब ग्राम अटरा के महुहा हार खेत में पंकज सिंह और उसके साथियों ने द्वारिका सिंह व उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया था। इस संघर्ष में द्वारिका सिंह की मृत्यु हो गई थी,जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस ने पूर्व में 8 आरोपियों को जेल भेज दिया था,जबकि तीन आरोपी फरार थे जिनकी गिरफ्तारी पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पंकज उर्फ प्रागेन्द्र को 12 फरवरी को पकड़ा था। इसी कड़ी में आज 13 फरवरी को दूसरे इनामी आरोपी अमित सिंह उर्फ सावेन्द्र सिंह 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले का एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय, उपनिरीक्षक आर.पी. वर्मा, प्रधान आरक्षक आर.के. कुशवाहा, राजेन्द्र पाण्डेय और सैनिक नत्थू की मुख्य भूमिका रही।

### सड़क हादसे में सीएचओ सोनम पटेल घायल, बाइक सवार फरार

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम मोहारी कटरा के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सड़क पार कर रही महिला अधिकारी को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ककरा उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सोनम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनम पटेल सड़क पर दूर जा गिरीं। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। हादसे की सूचना तुरंत हाईवे एम्बुलेंस 1033 को दी गई, जिसकी मदद से घायल अधिकारी को तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका उपचार जारी है।पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मैहर में यूजीसी एक्ट के समर्थन में संयुक्त मोर्चा मुखर, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन





**मैहर।** मैहर जिले में सामाजिक न्याय की मशाल जलाते हुए विभिन्न संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने यूजीसी एक्ट के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की है। जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी के नेतृत्व में एससी-एसटी, ओबीसी महासभा, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), आजक्स और अपाक्स के तत्वाधान में एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया।

### गुरुद्वारे में सभा और शहर में रैली

कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी गुरुद्वारा,मैहर में एक मंचीय सभा से हुई। सभा में वक्ताओं ने यूजीसी एक्ट को सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए अनिवार्य बताया। कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे पर अपनी असहमति जताते हुए इसे आरक्षण और समानता के अधिकारों में बाधक बताया। सभा के समापन के बाद,सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने शहर के मुख्य मार्गों से रैली निकाली,जो नारों और उत्साह के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंची।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपी मांग

एसडीएम कार्यालय पहुंचकर संयुक्त मोर्चा ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि केंद्र सरकार और महामहिम इस विषय में हस्तक्षेप करें ताकि यूजीसी एक्ट को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

### वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,सिद्धार्थ नालंदा,और एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई पिछड़ों और दलितों के हक की है। कार्यक्रम में आदिवासी नेता कमल सिंह मरकाम, पंकज कुशवाहा,बीरेंद्र सिंह कुशेड़ी, राघवेंद्र अहिरवार और संजीत डिजाइनर सहित रोशनी दीपांकर,हर्ष कुमार साकेत व सुखेंद्र रवि जैसे अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि सामाजिक अधिकारों के साथ छेड़छाड़ हुई,तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारी पुलिस बल और प्रशासन की मौजूदगी रही।



## सर्किट हाउस ओवरब्रिज पर बस चालकों की मनमानी, नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां



**सतना। शहर के व्यस्ततम सर्किट हाउस ओवरब्रिज पर बस चालकों की मनमानी चरम पर है। यात्री जुटाने की होड़ में बस चालक ओवरब्रिज और उसके आसपास ट्रैफिक नियमों को दरकिनार कर वाहन खड़े कर रहे हैं,जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।**

हैरानी की बात यह है कि सर्किट हाउस चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती होने के बावजूद इन बस चालकों में कानून का कोई खौफ नजर नहीं आता। बीच सड़क पर बसें रोकने और बेतरतीब तरीके से मोड़ने के कारण अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी के बाद भी नियमों का उल्लंघन होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इन पर लगाम नहीं कसी गई,तो यह लापरवाही किसी मासूम की जान ले सकती है। शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला सर्किट हाउस चौराहा इन दिनों शाम होते ही जाम के झाम से जूझने लगता है। सूरज ढलते ही यहाँ वाहनों का दबाव इतना बढ़ जाता है कि पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। अव्यवस्थित पार्किंग,ई-रिक्शा की कतारें और व्यस्त समय में ट्रैफिक सिग्नल का सुचारू रूप से काम न करना इस समस्या को और बढ़ा देता है। शाम के समय ऑफिस और बाजार से लौटने वाले लोगों को घंटों इस जाम में फंसे रहना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जा रहे दावे धरातल पर नाकाम साबित हो रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने मांग की है कि शाम के पीक आवर्स में यहाँ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए और अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था को दोबारा पटरी पर लाया जा सके।



## क्रेशर की सफाई के दौरान मशीन की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत




**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबूपुर चौकी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बिरहुली स्थित टीटू खत्री के पत्थर क्रेशर में काम करने वाले एक अधेड़ मजदूर की मशीन में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की है जब मजदूर क्रेशर मशीन की साफ-सफाई कर रहा था। मृतक की पहचान 40 वर्षीय रमेश चौधरी पुत्र दुलीचंद चौधरी के रूप में हुई है,जो बिरहुली नई बस्ती का निवासी था।जानकारी के मुताबिक,रमेश सुबह क्रेशर पर सफाई का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन चालू हो गई और वह पत्थर आगे बढ़ाने वाले 'कनवेयर बेल्ट' की चपेट में आ गया।बेल्ट में फंसने के कारण उसे संभलने का मौका नहीं मिला और सिर व कान में गंभीर चोट आने की वजह से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।अन्य मजदूरों ने जब यह देखा तो तुरंत मशीन बंद की और उसे अस्पताल ले गए,लेकिन डॉक्टरों ने उसे 'ब्रॉट डेड' (मृत) घोषित कर दिया।

### परिजनों का हंगामा और मुआवजा मांग

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने क्रेशर संचालक पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया और मौके पर भारी हंगामा किया। उन्होंने मांग की कि जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता और संचालक पर कार्रवाई नहीं होती,वे शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। बाबूपुर चौकी प्रभारी शुभम नागधीरे ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया,जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और यह जांच की जा रही है कि सफाई के दौरान अचानक मशीन कैसे चालू हुई और क्या वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में किया गया शिविर का आयोजन

**सतना।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में शुक्रवार को पीओडी कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.रुपेश सोनी तथा जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.प्रियंका खटवानी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला पहनाकर कर किया गया। कैंप में कुष्ठ रोगियों को जल तेल उपचार की क्रिया विधि से परिचय कराया गया। तथा इस विधि के लाभ बताए गए व इसका अभ्यास करवाया गया। मरीजों ने नियमित दवाओं का सेवन करने के लिए संकल्प लिया। कुष्ठ रोग जैसी बीमारी को पराजित कर चुके रामचन्द्र सिंह को श्रीफल देकर डॉ.रूपेश सोनी एवं डॉ.प्रियंका खटवानी द्वारा सम्मानित किया गया।चिकित्सकों एवं कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा कुष्ठ रोगियों,आशा कार्यकर्ताओं,ए एन एम,आदि तथा क्षेत्रीय लोगों को कुष्ठ रोग की जानकारी दी गई तथा उनकी स्क्रीनिंग करवाई गई। साथ ही इस बीमारी से निजात पाने के लिये शपथ लिया गया।कैंप में मुख्य रूप से डॉ.रुपेश सोनी,डॉ.जिला कुष्ठ अधिकारी प्रियंका खटवानी, एनएमए शिवेंद्र शुक्ला,अरुण वाजपेयी,मुके सिंह,डी.के.पयासी,विश्वनाथ प्रताप सेन,क्राई फैलो आनन्द, सहित कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीज सुखराज मवासी मडुलिहाई,चुनकी बाई मवासी,ज्ञानवती मवासी भट्टन टोला,अशोक वंसल,रामचन्द्र सिंह मझगवां सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## 15 साल से पुलिस को छका रहा हत्या का आरोपी रीवा से गिरफ्तार

### मजदूर की बेरहमी से हत्या कर मुंबई में छिपा था आरोपी; अब सलाखों के पीछे



**सतना।** धारकुण्डी थाना पुलिस ने 15 वर्षों से फरार चल रहे हत्या के शातिर आरोपी पप्पू यादव को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व एसडीओपी चित्रकूट के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई ने लंबे समय से कानून की आँखों में धूल झोंक रहे अपराधी को अंततः सलाखों के पीछे भेज दिया। यह खौफनाक वारदात 29 मार्च 2021 (पुरानी घटना के संदर्भ में) को ग्राम लेदरा में घटित हुई थी। शिकायतकर्ता समयलाल सिंह के अनुसार,उसके चाचा फूलचंद्र गौड़ जब अपनी मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे,तभी लेदरा तिराहे के पास राकेश यादव,पप्पू यादव और उनके साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जातिसूचक गालियाँ देते हुए आरोपियों ने फूलचंद्र को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में धारा 302,34 और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। घटना के अन्य आरोपी राकेश,रामकलेश और राजा यादव को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है,जबकि पप्पू यादव फरार चल रहा था।

### मुंबई में बदला ठिकाना, रीवा में छिपाया परिवार

फरार आरोपी पप्पू यादव 39 वर्ष पुलिस से बचने के लिए शातिराना तरीके अपना रहा था। पूछताछ में सामने आया कि घटना के बाद वह मुंबई भाग गया था और वहां ड्राइविंग का काम करने लगा। उसने अपने परिवार को रीवा के अजगरहा में अपने एक करीबी दोस्त के नाम पर किराए का कमरा दिलाकर रखा था। वह अपनी पहचान छिपाकर बीच-बीच में परिवार से मिलने रीवा आता रहता था।

### ऐसे चढ़ा पुलिस के हत्थे

13 फरवरी 2026 को धारकुण्डी पुलिस को मुखबिर से विश्वसनीय सूचना मिली कि आरोपी रीवा के अजगरहा क्षेत्र में मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। इस अंधे कत्ल के फरार आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक शंखधर द्विवेदी थाना प्रभारी सभापुर उनि शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी धारकुण्डी सायबर सेल उनि अजीत सिंह,प्र.आर.अंशलेन्द्र चंदेल टीमः प्र.आर. मुकेश सिंह,अखिलेश्वर सिंह,आर.ब्रजेश पटेल और एवरन सिंह की टीम शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### सिंगोरा में श्री गणेश प्रसाद शुक्ला का निधन



बीमारी के चलते 84 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, क्षेत्र में शोक की लहर

**अमानगंज**। क्षेत्र से दुखद समाचार सामने आया है। शिक्षक राम शिरोमणि शुक्ला के पिता श्री गणेश प्रसाद शुक्ला का बीमारी के चलते 84 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार श्री शुक्ला बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका उपचार जारी था। गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वर्गीय श्री गणेश प्रसाद शुक्ला अपने सरल स्वभाव, धार्मिक प्रवृत्ति एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए क्षेत्र में सम्मानित माने जाते थे। उनके निधन पर ग्रामीणों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे।

### अमानक खाद बीज बेचने वाले डीलरों के लाइसेंस होंगे निरस्त

**कमिश्नर ने ई-विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था को प्राथमिकता से लागू करने के दिए निर्देश**

**बीज प्रमाणीकरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी**

**पन्ना**। संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने संभाग के कृषि, सहकारिता, बैंकिंग और विपणन से जुड़े विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाजार में उपलब्ध कृषि सामग्री की निरंतर सैंपलिंग की जाए। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन डीलरों के नमूने लगातार अमानक पाए जा रहे हैं, उनके विरुद्ध महज खानापूर्ति करने के बजाय सीधे लाइसेंस निरस्त करने की सख्त कार्यवाही की जाए और अमानक सामग्री की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए। प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में श्री सुचारी ने सहकारिता विभाग को सभी सहकारी समितियों का शत-प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था को आधुनिक और त्रुटिहीन बनाया जा सके। साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत ई-विकास प्रणाली और ई-टोकन व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

# इको सीमेंट कम्पनी के विरोध में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन




**पन्ना**। जिले के ग्राम चिखल हाई, महेवा और गोरा डहर्रा पवैया के बीच प्रस्तावित इको सीमेंट कंपनी (म्बव ब्मउमदजे स्पउपजमक) के प्लांट का विरोध तेज हो गया है। आज, 13 फरवरी 2026 को, क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली और पन्ना जिला मुख्यालय पहुंचे। किसानों के इस विरोध प्रदर्शन के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं- मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रस्तावित सीमेंट प्लांट और उसके लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण को तत्काल रोकने की मांग की गई है।

### अस्तित्व की लड़ाई

किसानों का तर्क है कि यह प्लांट उनकी उपजाऊ कृषि भूमि को नष्ट कर देगा और क्षेत्र में भारी पर्यावरण प्रदूषण फैलाएगा, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा।

### परियोजना का विवरण

इको सीमेंट लिमिटेड की इस परियोजना में लगभग 1793.59 हेक्टेयर क्षेत्र में चूना पत्थर की खदान (।उंदहंदर स्पउमेजवदम डपदम) और क्रशर प्लांट लगाना प्रस्तावित है, जो अमानगंज और गुनौर तहसील के कई गांवों (जैसे बेली, बरहा कला, हिनौती, चिकलहाई, दहर्रा, गोरा, महेवा) को प्रभावित करेगा।

### प्रशासनिक आश्वासन

इससे पहले भी ग्रामीण क्षेत्रों में हुई जनसुनवाई के दौरान किसानों ने तीखा विरोध दर्ज कराया था, जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि किसानों की सहमति के बिना कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। कम्पनी ने अवैधानिक 4 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा के किसानों को नोटिस दिया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है, स्थानीय किसानों की मांग है की यदि सीमेंट फैक्ट्री को जमीन चाहिए तो कम से कम एक करोड़ रुपये प्रति किसान को मुआवजा राशि दे, ताकि उसके बदले में किसान अपने लिये अच्छा जमीन खरीद सकते हैं ।चिकल हाई ग्राम की जमीन तो आज 20,से 25 लाख रुपये एकड़ तक खरीदी जा रही है। अब कम्पनी को चार लाख रुपए मे बाप दादाओं की पुस्तैनी जमीन कैसे दी जा सकती है।

# धर्ममय हुआ चंदौरा, गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**पन्ना**। अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाला ग्राम चंदौरा इन दिनों पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। गाँव के पूर्व सरपंच फूलचंद यादव एवं श्रीमती बुढ़िया यादव के सानिध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, चौक बरहों एवं प्रीतिभोज के उपलक्ष्य में आज ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

### भक्ति भाव से सराबोर रही कलश यात्रा

कथा के प्रथम दिन आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं और बहनें सिर पर मंगल कलश धारण कर सम्मिलित हुईं। यह यात्रा गाँव के प्रमुख देव स्थानोंकृ देवी जी, हनुमान जी, हरशुक्र दी और बरम बाबा से भ्रमण करते हुए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए माँ शीतला मंदिर प्रांगण पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के जयकारों और भक्ति भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा। माँ शीतला मंदिर परिसर (ठाकुर बाबा के स्थान) पर आयोजित इस कथा के मुख्य प्रवक्ता पं. श्री दयाराम शुक्ला शास्त्री जी ने प्रथम दिन की कथा में श्रीमद् भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भागवत कथा केवल श्रवण मात्र से ही मनुष्य के कष्टों का निवारण कर उसे मोक्ष का मार्ग दिखाती है। शास्त्री जी ने कहा कि जिस गाँव में कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होता है, वह पूरी भूमि श्धर्मनगरश् में परिवर्तित हो जाती है। आयोजक परिवार (श्री राजेंद्र प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव एवं अरुण यादव) ने बताया कि यह कथा आगामी 19 फरवरी 2026 तक अनवरत चलेगी। कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों जैसे परीक्षित जन्म, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा और रुक्मणी विवाह का वर्णन किया जाएगा। 18 फरवरी सुदामा चरित्र, 19 फरवरी- हवन-शांति, गौदान एवं भव्य भंडारा (दोपहर 02 बजे से) इस धार्मिक आयोजन में समस्त क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# गुमानगंज सरपंच ने पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक का किया भव्य स्वागत, हजारों लोग रहे मौजूद

*निर्माण कार्य का विधायक ने किया लोकार्पण, स्वागत के दौरान उत्साह देखने लायक*



**पन्ना**। अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुमानगंज में सरपंच मुकेश पांडे के द्वारा हजारों लोगों के साथ लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री बर्तमान पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया। पन्ना विधायक श्री सिंह ग्राम पंचायत गुमानगंज में 15 लाख से बनी बाउंड्री बाल का लोकार्पण करने पहुंचे थे इस दौरान क्या बच्चे क्या युवा एवं बुजुर्ग पुरुष व महिलाओ के द्वारा जबरजस्त स्वागत फूल की बारिश माला पटाखे फोड़ते हुए किया गया। गांव के लोग डीजे के धुन में विधायक ऐसे होते है नाचते देखे गए । लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक श्री सिंह ने अपने उद्धबोधन में कहा कि अपार प्यार देने के लिए सरपंच व ग्रामीणों का आभार जताया इसके उपरांत जनता के हितों को लेकर किये गए कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत भवन व सामुदायिक भवन भी बनाने की घोषणा की ओर कहा कि नहर पट्टी की सड़क बन रही है ओर गावो के मजरे टोले की भी सड़क ले जाएंगे छोड़ेंगे नही । क्षेत्र के विकास के लिए विद्युत पावर स्टेशन बनवाया अस्पताल बन रहा है मेडिकल कालेज पन्ना में बनेगा साथ ही छात्र छात्राओं के लिए कॉलेज का उन्नयन करेंगे। जनता कार्य करने बाले को वोट दे काम न करने बालो को बोट न दे घर घर नल व जल और किसानों के लिए पानी दिया जाएगा आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है आयुष्मान कार्ड संभल कार्ड बनवाये जा रहे है जिससे गरीबो जो लाभ मिल सके लगातार हम जनता के संपर्क में रहते है ओर कार्य करने का जज्बा आप लोगो के अपर प्यार से मिलता है।उक्त कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता ,जिला जनपद सदस्य संतोष यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, सुरेन्द्र सिंह ,रवि रावत ,राजेन्द्र खटीक ,कुलदीप मिश्रा, विशाल यादव,संतराम मिश्रा ,जनक यादव,हेतराम यादव,अवध तिवारी,मुन्ना जखोत,मनोज राजा ,मनरेगा एसडीओ प्रशांत नायक,इंजीनियर बालक राम नामदेव,सचिव महेश चंद्र गुप्ता सहित ग्रामीण ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दिल्ली की तरह एक ओर परिवार ने अपने सदस्य को खोया

# गड़ड़पुर के पुल में बाइक समेत चाचा भतीजे गिरेः चाचा की मौत, भतीजा गंभीर रूप से घायल

ट्रेजडी की एक और दर्दनाक कहानी सामने आई है, जो शासन-प्रशासन की लापरवाही की कड़वी सच्चाई को उजागर करती है।

पन्ना





**अजयगढ थाना अन्तर्गत विगत दिवस गड़ड़पुर के पुल में बाइक समेत चाचा भतीजे के गिरने से मौत का मामला सामने आया है। बारिश के दौरान पुल टूट गया था जिसको बनवाने हेतु लगातार शासन प्रशासन से मांग की जा रही थी परंन्तु शासन प्रशासन की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई।**

मृतक के भतीजे चंद्रभान पाल ने बताया कि चाचा मिट्ठूलाल पाल पिता नीलकंठ उम्र 60 साल के साथ खमरिया गांव से भैंस की दवा लेने बरियारपुर कुर्मियान जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया रात का वक्त होने से ओर टूटे पुल पर कोई साइन बोर्ड या स्टॉपर नही लगा था जिससे मिट्ठूलाल पाल पिता नीलकंठ पाल उम्र 60 साल चंद्रभान पाल पिता संतु पाल उम्र 25 साल निवासी खमरिया ग्राम पंचायत सीलोना बाइक समेत पुल में जा गिरे जिससे मिट्ठूलाल पाल की मौत हो गई जबकि चंद्रभान बच गया । ग्रामीणों की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को पुल से निकाल कर अजयगढ अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मिट्ठूलाल को मृत घोसित कर दिया और चंद्रभान का इलाज किया जा रहा है। उक्त दुर्घटना से एक परिवार का सदस्य शासन प्रशासन की लापरवाही ने छीन लिया।

**सवाल** - आखिर टूटे पुल को बनवाने के लिए इतना समय क्यों लग रहा है किस विभाग के अंतर्गत आती है सड़क किसकी जिम्मेदारी थी कौन अधिकारी था कौन ठेकेदार था गंभीर समस्या को लेकर कोई नहीं सुना। कोई चेतावनी नहीं, कोई सुरक्षा नहीं। जनता मरती है तो मेरे अधिकारी अपने ऐसी रूम में आराम फरमाए ओर ऐसी गाड़ियों में घूमे ओर नेताओ की जी हुजूरी करे अपने कर्तव्य से भटक चुके अधिकारियों के विरुद्ध कलेक्टर पन्ना संज्ञान लेंगी उस परिवार को न्याय मिलेगा? प्रशासन की सुस्ती और लापरवाही। कितने और परिवारों की बलि चढ़ेगी जब तक ये टूटे पुल ठीक नहीं होंगे? कितनी और चेतावनियां अनसुनी रहेंगी।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध सहित दो घायल, डायल 112 ने दिखाई तत्परता





**अमानगंज** क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर सामने आया, जहां एक मोटर साइकिल की टक्कर से राह चलते वृद्ध सहित दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार राम बहोरी पिता सिया लाल चौधरी (उम्र 23 वर्ष) निवासी नारायणपुरा, कमताना से श्री की ओर मोटर साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पैदल जा रहे शिव सिंह पिता भगोना राजपूत (उम्र 70 वर्ष) निवासी हिनोती को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 स्टाफ मौके पर पहुंचा। महिला प्रधान आरक्षक जानकी कोंदर एवं पायलट हरि पटेल ने तत्परता और गंभीरता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही का परिणाम बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित गश्त की मांग की है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

# कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत बोर्ड परीक्षाओं के दौरान निर्धारित समय-सीमा के बाहर अवैध डी.जे. संचालन पर की सख्त कार्यवाही

कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज डी.जे. उपकरण व वाहन जप्त कुम कीमती करीब 5 लाख का मशरुका जप्त।

**पन्ना**। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं म.प्र. शासन द्वारा कोलाहल (ध्वनि प्रदूषण) नियंत्रण संबंधी जारी दिशा-निर्देशों तथा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के पालन में, साथ ही वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को बिना सक्षम अनुमति एवं निर्धारित समय सीमा के बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्र/डी.जे. संचालन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में निरी. रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 12.02.2026 को लवकुश मैरिज गार्डन के पास, आम रोड






किशोरगंज मोहल्ला पन्ना क्षेत्र में आरोपी मुलायम सिंह सिसोदिया पिता किलेदार सिसोदिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी चाँदा थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक डच्३५७७405 में अवैध रूप से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अत्यधिक ध्वनि स्तर पर डी.जे. बजाते हुए तथा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही की गई। मौके से पुलिस टीम द्वारा डी.जे सामग्री 02 जनरेटर, 02 स्टेबलाइजर, 01 एम्प्लीफायर मशीन,10 पार लाईट, 01 बेस पेटी, 03 बड़े साउंड बॉक्स, उपरोक्त डी.जे. सामग्री की अनुमानित कीमत 65,000/- तथा पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत 4,00,000/- है। कुल जप्त मशरूका 4,65,000/- का जप्त किया गया है। समस्त सामग्री एवं वाहन को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पन्ना में म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 122/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सराहनीय योगदान- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, प्र.आर. जयपाल सिंह, नत्थूलाल चौधरी, आरक्षक अभिषेक यादव, वीरेन्द्र पाठक एवं घनश्याम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पन्ना पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून-व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों की सुविधा में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी अवैध कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसी कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।

# अवैध शराब के विरूद्ध लगातर की जा रही कार्रवाई, गुनौर थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले 3 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा अवैध शराब के परिवहन हेतु एम्बुलेंस वाहन का किया जा रहा था उपयोग**

आरोपियो के कब्जे से 10 पेटी (करीबन 120 लीटर) अवैध शराब कीमती करीब 60 हजार रुपये सहित परिवहन मे प्रयुक्त एम्बुलेंस वाहन किया गया जप्त



**पन्ना**। पन्ना जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गुनौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये 03 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 पेटी (100लीटर) अवैध देशी शराब एवं परिवहन मे प्रयुक्त एम्बुलेंस वाहन जप्त किया गया है। दिनांक 12-13.02.2026 की रात्रि को थाना प्रभारी गुनौर निरी. माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक एम्बुलेंस वाहन से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार महेबा रोड स्थित बेलही महादेव मंदिर मेन गेट के पास चौकिंग लगाकर संदिग्ध ऐंबुलेंस वाहन के आने का इंतजार किया गया। कुछ समय बाद उक्त एक एम्बुलेंस वाहन महेबा अमानगंज तरफ से आता दिखा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर एम्बुलेंस वाहन क्रमांक ब्ळ04छै7479 से कुल 10 पेटी मे करीबन 120 लीटर (475 क्वार्टर) देशी मदिरा मसाला शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार है। साथ ही आरोपियो से 1,000/- नगद राशि भी जप्त की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी एम्बुलेंस ड्राइवर सहित 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनके विरुद्ध थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 40/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है तथा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**नाम पता आरोपी**- 1. लोकेन्द्र लोधी पिता नरेन्द्र लोधी निवासी सीलघाट, कुम्हारी, दमोह 2. विधा प्रसाद दाहायत पिता जीवनलाल दाहायत निवासी कुड़ई पटेरा, दमोह, 3. अभिषेक राजपूत पिता साहब सिंह राजपूत निवासी रनेह, दमोह

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गुनौर निरी. माधवी अग्निहोत्री, प्र.आर. मनीष कश्यप, यादवेन्द्र सिंह, आर. वीनस पाण्डेय, राजकुमार गौण्ड, चालक आर. बृजेश घोषी एवं सैनिक संतोष कुमार,रवि का सराहनीय योगदान रहा।

# देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध गौ वंश परिवहन पर की गई बड़ी कार्यवाही



**32 नग गौवंश सुरक्षित बरामद कर परिवहन मे प्रयक्तु कंटेनर ट्रक वाहन कीमती करीब 25 लाख रुपये का किया गया जप्त**

**पन्ना**। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों, गौवंश परिवहन एवं पशु क्रूरता के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्य्रवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में देवेन्द्रनगर पुलिस टीम द्वारा गौवंश के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 32 नग गौवंश (बैल एवं बछड़े) बरामद किये गये है। दिनांक 12-13.02.26 की रात्रि को थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष सिंह यादव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक में गौवंश (बैल एवं बछड़े) को भरकर देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमचुई जंगल मार्ग से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है।

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर गठित पुलिस टीम द्वारा गढ़ीपडरिया मोड़ के आगे उक्त वाहन के आने का इंतजार किया गया, कुछ समय पश्चात अमचुई जंगल की ओर से एक कंटेनर ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक वाहन खड़ा कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भाग गया, जिसकी तलाश की गई परंतु वह फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा कंटेनर की तलाशी लेने पर अंदर गौवंश को अत्यंत क्रूरता पूर्वक मुँह एवं पैर रस्सी से बाँधकर ठूंस-ठूंसकर भरा गया पाया गया तथा भोजन-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। गणना करने पर कुल 32 नग गौवंश (बैल एवं बछड़े) पाए गए। बरामद गौवंश की अनुमानित कीमत लगभग 3,20,000/- एवं परिवहन मे प्रयुक्त कंटेनर ट्रक क्रमांक न्21म्ज3643 कीमती लगभग 25,00,000/- का जप्त किया गया है। अज्ञात आरोपियो पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनग उनि. संतोष सिंह यादव, प्र.आर. धीरेंद्र सिंह, शंकर प्रताप सिंह आर. भूरी सिंह गुर्जर, बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी, चालक आर. पुष्पेंद्र जाट एवं डायल-112 चालक निशांत पाठक, नरेंद्र अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप




### शीलिंग पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग सत्र संपन्न

**छतरपुर।** शीलिंग पब्लिक स्कूल में कक्षा 8, 9 एवं 11 के विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावी एवं मार्गदर्शक करियर काउंसलिंग सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वसीम मोहम्मद (डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, एचडीएफसी बैंक) तथा अमन मिश्रा (रिलेशनशिप मैनेजर, एचडीएफसी बैंक) उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वसीम मोहम्मद ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निजी क्षेत्र के बैंकों में मिलने वाले अवसरों और सुविधाओं पर प्रकाश डाला तथा निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच के प्रमुख अंतर को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि सीमित संसाधनों से शुरुआत करके भी दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र में सफल करियर बनाया जा सकता है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अमन मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान कीं और करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव नगरिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए करियर काउंसलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने, समय का सदुपयोग करने तथा सही मार्गदर्शन के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या ख्याति गौतम ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी शुक्ला ने कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का परिचय कराया और विद्यार्थियों को सत्र के उद्देश्य से अवगत कराया। विद्यालय की समन्वयक समीक्षा तिवारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर योगेश कौशिक, चरनदास सिंह, चंद्रेश मिश्रा एवं अनिल अहिरवार सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित

**बनवार ।** जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित जैन ने गुरुवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन कर सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रोहित जैन ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा भावना का ऐसा माहौल बना कि पूरे आयोजन स्थल पर जनकल्याण की भावना स्पष्ट दिखाई दी।

## क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को सीएमएचओ ने कार्यवाही हेतु लिखा पत्र

# स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे द्वारा रिश्वत लेकर एक युवती का 3 माह का गर्भपात कराया गया था!

**स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे द्वारा रिश्वत लेकर गर्भपात कराए जाने के मामले की शिकायत पर जांच**

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे द्वारा रिश्वत लेकर एक युवती का 3 माह का गर्भपात कराया गया था। जिसका अधिक रक्त स्राव होने पर उसे एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल रिफर किया गया था। इस मामले की शिकायत कि सीएमएचओ से की गई थी। सीएमएचओ द्वारा मामले की जांच कराई गई और जांच में शिकायत सही पाए जाने पर उन्होंने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर को पत्र लिखकर बड़ामलहरा की स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे पर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन अभी तक स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है और प्रीतू दुबे सभी शिकायतों पर भारी पड़ रही है। शिकायत पर एक जांच कमेटी भी बनाई गई थी और जांच कमेटी ने पाया था कि इस घटना नर्सिंग आफिसर द्वारा बच्चे दानी की सफाई कर पैसे लिए गए थे। प्रीतू दुबे की अनेक शिकायतें पहले भी हो चुकी है लेकिन आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल के द्वारा भी जेडी सागर को मामले की जांच के निर्देश दिए गए थे जिस पर जांच अधिकारी एस प्रजापति, डॉ सुरेखा खरे



और कपिल डाबर की टीम द्वारा पूरे मामले की जांच की गई और जांच में पाया गया कि स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे द्वारा पैसे लेकर गर्भपात किया गया और संबंधित युवती की जान जोखिम में डाली गई और गलत बयानवाजी की गई। उसके द्वारा कोई ईलाज नहीं किया गया और ना ही कोई पैसा लिया गया। लेकिन यामनी भारती द्वारा कहा गया कि प्रीतू दुबे ने मरीज को मैनेज किया था और उसे रेफर किया गया। लेकिन डयूटी डॉक्टर राकेश शुक्ला को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई और रेफर पुलिस पर डॉ हरगोंविद राजपूत का नाम बिना बताए लिख दिया गया। डॉ हरगोंविद राजपूत अपने बयान में रेफर पेपर में कोई भी हस्ताक्षर करने से ईंकार किया है वहीं जिला अस्पताल की डॉ साक्षी गंगेले के द्वारा अपने कथन में स्पष्ट किया गया है कि मरीज के साथ आए लोगों द्वारा प्रीतू दुबे स्टाफ नर्स द्वारा बच्चे दानी की सफाई करना बताया गया जिस पर डॉ साक्षी गंगेले ने सुमन हेल्प डेस्क के कर्मचारी राजाराम की एक आडियो रिकार्डिंग भी जांच कमेटी को दी, जिसमें सभी बातों का जिक्र है।

### टीकमगढ़ जिले की रहने बाली है पीड़िता -

जिस युवती का पैसे लेकर गर्भपात किया गया और उसकी जान जोखिम में डाली गई वह टीकमगढ़ जिले के बड़ागांव ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र की रहने बाली है और उसने भी जांच टीम के सामने जो लिखित रूप से बयान प्रस्तुत किया है। उसमें 16 हजार रूपए लेकर गर्भपात करने का आरोप लगया गया है। ग्वालियर के सुविधा हास्पिटल के द्वारा भी पुष्टि भी गई थी कि युवती की बच्चेदानी फटी है और पुलिस में एमएलसी की रिपोर्ट भी झांसी रोड़ थाने में की गई थी। जांच टीम ने इस पूरे मामले में पाया कि संविदा स्टाफ नर्स प्रीतू दुबे के द्वारा पैसा लेकर गर्भपात करने और पैरा मेडिकल टर्मनेशन ऑफ प्रेग्नेसी एक्ट 1931 का उल्लंघन किया है। लेकिन इस पूरे मामले की जांच संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर के कार्यालय में दबा दी गई है। शायद इस जांच में इतना बड़ा बजन रख दिया गया है जिससे जांच के पन्ने खुल नहीं पा रहें है और संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर भी कार्यवाही नहीं कर पा रहे है। शायद स्टाफ नर्स द्वारा जांच को दबाने के लिए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवांए सागर को एक तरह से खरीद लिया है। चर्चा है कि यह फाईल नर्सिंग शाखा प्रभारी मेडम के पास लंबित पड़ी हुई है 2 माह में कार्यवाही न होने पर शिकायत कर्ता रामकुमार कुशवाहा ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने का मन बनाया है।

### जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं हुए फोन रिसीव -

इस मामले में अब तक क्या कार्यवाही हुई जानने के लिए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर डॉ.नीना गाडियन और मिशन संचालक डॉ शलोनी सिड़ाना भोपाल से उनके मोबाईल पर संपर्क किया गया, तो इन दोनो अधिकारियों ने अपना फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा जिससे अब तक क्या कार्यवाही हुई के संबंध में जानकारी नहीं मिल सकी।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### फस्ट एड बॉक्स, पेयजल आदि सुविधा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**छतरपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं का कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने 13 फरवरी 2026 को शा. उ.मा. विद्यालय क्र. 1 छतरपुर का औचक निरीक्षण किया। 13 फरवरी को 12वीं कक्षा का भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं एनीमल हस्बेंड्री का पेपर आयोजित हुआ।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, फस्ट एड बॉक्स एवं शौचालय सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा परीक्षार्थियों को मूलभूत किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बिजली, पानी और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों एवं केंद्राध्यक्ष को समय से परीक्षा प्रारंभ कराने, गोपनीय सामग्री की सुरक्षा तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने केन्द्र अध्यक्ष से परीक्षा में एनरॉल हुए बच्चे, नजदीकि थाने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर मोबाईल वर्जित है। उन्होंने कलेक्टर प्रतिनिधि से मो. में सुरक्षित पेपर निकालने आदि एंट्री सुनिश्चित करने की जानकारी ली। साथ ही बताया गया कि 20 बच्चों पर एक इन्विजिलेटर एवं 21 से 40 बच्चों पर 2 इंन्विजिलेटर सुनिश्चित किए जाते है। उन्होंने सीएएस एवं एसीएस से बात कर विद्यालय में बनाए गए परीक्षा रूम की जानकारी ली। परीक्षा के समय, परीक्षा समाप्ति की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा में रासा में बच्चों के हस्ताक्षर कराए जाने का आवलोकन भी किया।

# सिलेंडर रिफिल करते समय बड़ा हादसा

### गैस लीक होते ही तंदूर से भड़की आग, कारीगर झुलसा

छतरपुर

जिले के गढ़ीमलहरा क्षेत्र में कुर्राहा रोड स्थित पटेल ढाबे पर सिलेंडर रिफिल करते समय अचानक आग लगने से खाना बनाने वाला कारीगर रवि चौरसिया गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां बर्न वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों और घायल रवि के अनुसार, घटना उस समय हुई जब ढाबे में उपयोग हो रहे गैस सिलेंडर को दूसरे सिलेंडर में रिफिल किया जा रहा था। सिलेंडर से पलटी करते समय जिस सिलेंडर में गैस डाली गई उस सिलेंडर का बाल नहीं चिपका तो उससे तेजी से गैस रिसाव होने लगा और तेजी से गैस निकलने लगी। उसने हाथ से दबाकर गैस निकलने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन



प्रेशर इतना तेज़ था कि सफलता नहीं मिली। इसी दौरान गैस का दबाव बढने से सिलेंडर गिरकर तेजी से गोल-गोल घूमने लगा। ढाबे में पास ही जल रहे तंदूर से निकली चिंगारी या लपटों ने गैस को पकड़ लिया और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी और ग्राहक जान बचाकर इधर-उधर भागे। गनीमत रही कि सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

आग की चपेट में आकर रवि गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे पहले प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। गढ़ीमलहरा थाने की टीआई रीता सिंह ने बताया कि पटेल ढाबे पर सिलेंडर बदलते समय हादसा हुआ है। आग से एक युवक घायल हुआ है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ आध्यात्मिक मेला, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

# द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन मेले का छतरपुर में शुभारंभ

छतरपुर।

**ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले का शुभारंभ आज श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से भरे वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य कलश यात्रा से की गई, जिसे राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार एवं छतरपुर विधायक ललिता यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**



कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शिव भक्ति गीतों के साथ नगर भ्रमण किया। युवक-युवतियों और बच्चों ने भी पूरे जोश के साथ भागीदारी निभाई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया गया। मेले में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रहीं। ये झांकियां भक्तों को भगवान शिव के विभिन्न ज्योतिर्लिंगों के दिव्य दर्शन कराने के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश भी दे रही हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा माहौल भक्ति और दिव्यता से ओतप्रोत हो उठा। ब्रह्माकुमारीज़ के इस प्रयास से शहरवासियों को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव के दर्शन और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का सुंदर अवसर मिल रहा है। मेला सभी के लिए खुला है और श्रद्धालु यहां आकर लाभान्वित हो सकते हैं।

# छतरपुर में बोर्ड परीक्षा का शानदार आगाजः उर्दू पेपर में छात्रों ने जताया संतोष



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। जिले में पहला पेपर उर्दू विषय का सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते छात्रों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। तैयारी अच्छी होने और पेपर उम्मीद के मुताबिक आने से विद्यार्थी बेहद प्रसन्न नजर आए। छात्रा अम्बिया खातून और अंशिका ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, तैयारी अच्छी थी, पेपर भी शानदार गया। उन्होंने बताया कि सवाल पूरी तरह से अपेक्षित पैटर्न पर आधारित थे और उन्होंने अच्छे से उत्तर लिख पाए।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने परीक्षा के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कोई अनुचित गतिविधि नहीं हुई। हालांकि जिले में उर्दू विषय चुनने वाले छात्रों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन प्रबंधन में कोई कमी नहीं रखी गई। इसके साथ ही कक्षा 12वीं की परीक्षाएं भी आज आयोजित की गईं। आट्र्स और बायो संकाय से जुड़े विषयों के पेपर में छात्रों में खासा उत्साह देखा गया। वरिष्ठ कक्षाओं के परीक्षार्थियों ने सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपनी उत्तर पुस्तिकाएं भरीं।

# खजुराहो सांसद ने गाइड एसोसिएशन के सदस्यों से की मुलाकात, पर्यटन सुधारों पर चर्चा



**खजुराहो।** खजुराहो लोकसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने आज यहां गाइड एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को समझा और उन्हें सुलझाने का आश्वासन दिया।

पर्यटन नगरी खजुराहो की वैश्विक पहचान को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में रेलवे, एयर कनेक्टिविटी तथा सड़क मार्ग से जुड़ी आवश्यकताओं पर बिंदुवार चर्चा हुई। गाइड एसोसिएशन के सदस्यों ने खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस की टाइमिंग में परिवर्तन, बेहतर एयर कनेक्टिविटी तथा अन्य शहरों से सड़क मार्ग द्वारा खजुराहो को जोडऩे की मांग रखी। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने स्पष्ट किया कि वे वंदे भारत एक्सप्रेस की टाइमिंग को लेकर रेल मंत्री से बात करेंगे। साथ ही, खजुराहो के शिल्पग्राम में गतिविधियां बढ़ाने, पश्चिमी मंदिर समूह में पर्यटकों के लिए सुरक्षित सामान रखने हेतु लॉकर सुविधा, ऑफलाइन टिकट व्यवस्था तथा गाइडों के लिए उचित बैठक स्थल की स्थायी व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खजुराहो में जल्द ही इस्कॉन मंदिर की स्थापना संभव है। एयर कनेक्टिविटी सुधार के लिए एयर इंडिया एवं आकाश एयरवेज से बातचीत चल रही है। इसके अलावा, गाइड प्रशिक्षण तथा विभिन्न विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण के लिए संस्थानों के माध्यम से व्यवस्था की जाएगी ताकि स्थानीय युवा लाभान्वित हों।

बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौरसिया, कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी, खजुराहो मंडल अध्यक्ष तथा पार्षद गौरव सिंह बघेल, शैलेंद्र यादव सहित गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार चौबे और बड़ी संख्या में गाइड मौजूद रहे।

### हमारे देवस्थान दे रहे संस्कारों की शिक्षाः डॉ. मोहन यादव

**मुख्यमंत्री ने किया मंडप पूजन, नव वधुओं के सुखमय जीवन की कामना**

# बागेश्वर महाराज ने सीएम को हल्दी लगाकर की महोत्सव की शुरुआत

### *सिर्फ संत ही सबको कर सकते हैं एकजुटः जगतगुरु वेदांती महाराज*

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में बुंदेलखंड के महाकुंभ के रूप में 300 बेटियों का विवाह हो रहा है। शुक्रवार को हल्दी की रस्म की गई। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने बागेश्वर धाम आकर मंडप का पूजन किया। पूजन के पश्चात बागेश्वर महाराज ने मुख्यमंत्री को हल्दी लगाकर महोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने महाराज श्री को हल्दी लगाई। मुख्यमंत्री ने सभी बेटियों के सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवस्थान संस्कारों को देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज सभी धार्मिक स्थलों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाराज श्री के सभी प्रकल्प हम सबको गौरवान्वित करते हैं। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया ने सबका स्वागत किया। हल्दी महोत्सव के अवसर पर पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार और वैदिक परंपरा के अनुरूप बेटियों के मंडप का पूजन किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह महोत्सव से अनावश्यक खर्चों में कटौती होती है। युवाओं की तरक्की में लोग खर्च करें, विवाह में खर्चे से बचें। कन्या विवाह एक यज्ञ के समान है। उन्होंने कहा कि यहां से जिन बेटियों के विवाह हो रहे हैं सरकार उन जोड़ों को रोजगार देने के प्रयास करेगी। बनारस से आए जगतगुरु रामकमल दास महाराज ने कहा कि एक संत ही सबको एकजुट कर सकते हैं। संतो के कदम से कदम मिलाकर जो नहीं चलेगा इतिहास उनको क्षमा नहीं करेगा। जगतगुरु महाराज ने कहा कि स्वयं को सर्वश्रेष्ठ कहने वाले पहले स्वयं को देखें। उन्होंने महाराज श्री के ठठरी बांधने की बात को कहा कि यह वैदिक और पौराणिक है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री महाराज हिंदुत्व के रंग में सबको रंग रहे हैं। उनके ऊपर गुरु की कृपा है। जिसे गुरु की






कृपा मिलती है उसे किसी की समस्या नहीं होती। इस अवसर पर हनुमानगढ़ के महंत राजू दास महाराज,अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास संजीव कृष्ण ठाकुर, प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल, वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, सांसद बीडी शर्मा, जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, विधायक ललिता यादव, अरविंद पटेरिया, बबलू शुक्ला, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बॉबी राजा, प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह सहित बड़ी संख्या में राजनेता उपस्थित रहे।

राष्ट के साथ संत, महंत और धर्म के लिए काम कर रहे सीएमः बागेश्वर महाराज

बागेश्वर महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ऐसे राजनेता है जो राष्ट्र के साथ संत, महंत और धर्म को साथ लेकर चल रहे हैं। महाराज श्री ने कहा कि गौ मंदिर का काम और मंदिरों के स्थानीय न्यासों पर मुख्यमंत्री विशेष ध्यान दे रहे हैं। प्रदेश के मुखिया का सहयोग मिलने से धार्मिक संस्थान और बेहतर ढंग से सनातन के लिए कार्य कर पाते हैं।

### महाराज श्री ने किया समरसता भोज

मंचीय कार्यक्रम के बाद बागेश्वर महाराज ने सभी समाजों के साथ बैठकर समरसता भोज किया। बागेश्वर महाराज के अलावा देश के जाने-माने कथा वाचक, महापुरुष और संत भी इसमें शामिल हुए। समरसता भोज के माध्यम से सबको यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि हम सब एक हैं। आपसी छुआछूत और ऊंच नीच का भाव समाज में दरार पैदा करता है इसलिए हम सब सिर्फ सनातनी बने रहे।

# चाचईसेमरा में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक, पंचायत समितियों का गठन



**बकस्वाहा। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला अध्यक्ष गगन यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकस्वाहा द्वारा ग्राम पंचायत चाचईसेमरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष संजय दुबे ने की।**

बैठक में पंचायत समिति गठन की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य, संगठनात्मक ढांचा तथा ग्राम स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत समितियों का गठन संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया गया। सर्वसम्मति से पंचायत समितियों का गठन किया गया तथा नवगठित सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में महिपाल सिंह ठाकुर, मलखान सिंह लोधी, छात्रपाल सिंह लोधी, शिवाजी ठाकुर, बब्लू खान, कोमल आठया, मोहन लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

